प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 31.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रीय जांच एजेन्सी, एन्टी टेररिस्ट स्क्वाड और इंटेलिजेंस ब्यूरों की ओर से आज जोधपुर तथा आसपास के क्षेत्र में कार्यवाही कर तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन्हें जोधपुर के पीपाड और जालौर के सांचोर से गिरफ्त में लिया गया है। इन पर आतंकी गतिविधियों से जुडे होने का अंदेशा हैं। इसके अलावा इन्हें विदेशी फडिंग मिलने की भी बात सामने आ रही है। सुरक्षा एजेन्सियां मामले की गहन जांच कर रही है।

0000

प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के तहत व्यापक तैयारियां की जा रही है। 4 नवम्बर से बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण करेंगे। बीएलओ मतदाताओं के घर सत्यापन के लिए कम से कम तीन बार आवश्यक रूप से जायेंगे। इसके अलावा गणना प्रपत्र ऑनलाईन भी भरे जा सकते है। चुनाव आयोग ने नवाचार करते हुए प्रकिया की निगरानी के लिए पहली बार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी बूथलेवल एजेन्ट बनाया है। झुंझुनूं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरूण गर्ग ने आज जिले में एसआईआर तैयारियों को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 18 लाख 48 हजार मतदाता है। इनमें से 12 लाख 93 हजार से अधिक वोटरों के नाम साल 2002 की एसआईआर मे शामिल है। बाकी करीब साढे पांच लाख मतदाताओं को गणना प्रपत्रों के साथ पहचान सत्यापित करने के लिए दस्तावेज भी देने होंगे।

0000

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर आज देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरूआत यूनिटी मार्च से हुई। इसके साथ ही एकता परेड़, शपथ, बेंड वादन और पौधरोपण सहित कई गतिविधियां रखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवडिया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। एकता दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

प्रदेश में सरदार पटेल की डेढ सौवीं जयंती के मौके पर राजधानी जयपुर सहित सभी जिलों में रन फॉर यूनिटी रखी गई। जयपुर में आयोजित रन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण काम किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। एकता दिवस के मौके पर हो रहे कार्यक्रमों में स्कूली छात्र छात्राएं, स्काउट और गाईड, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बडी संख्या में आम नागरिक हिस्सा ली रहे है। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता और आत्मनिर्भर भारत की भी शपथ ली गई।

....

0000

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से चल रहे बारिश के दौर से सर्दी का असर बढने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित 15 जिलों में हल्की बरसात हुई। विभाग के अनुसार आज भी राज्य के  दक्षिणी पूर्वी भागों में कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। इस बीच आज कई जगह बादलों की आवाजाही बनी हुई है और धुंध से दृश्यता कम रही। वहीं 3 नवम्बर से प्रदेश में एक नया मौसमी तंत्र सकिय होने के आसार है, जिससे उदयपुर, अजमेर और कोटा संभाग में बारिश की गतिविधियां 5 नवम्बर तक जारी रहने के आसार है।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर के रेलवे स्टेशनों पर 76 यात्री सुविधा केंद्र विकसित करने की मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय ने कहा कि नए सुविधा केंद्र मॉड्यूलर डिज़ाइन का पालन करेंगे और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएँगे। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया है कि ये केन्द्र 2026 के त्यौहारी सीज़न से पहले ही पूरे हो जाने चाहिए।

**0000**